हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 अप्रैल 2026

06 थाना प्रभारियों की उच्च स्तरीय बैठक में दिया रोजाना...



07 मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, श्योपुर में 134...





## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 अप्रैल को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 152 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 अप्रैल दिन बुधवार समय 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह एवं श्वास व हड्डीरोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बीएमडी, यूरिक एसिड, बॉडी मांस द्वारा मांस पेशियों की जांच तथा योग प्रशिक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 21 अप्रैल तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं।



**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा 10 वी का परीक्षा परिणाम 64% एवं 12वीं का 69% रहा कक्षा 10 वीं में 9 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए एवं कक्षा 12 वीं में कु साक्षी कुर्मी ने 90.4प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय में टाप किया ।कक्षा 10 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक 70 छात्राएं अधिक रही। वहीं 12 वीं में 75% से अधिक 30 छात्राए रही। प्राचार्य हरिशंकर सोनी ने एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया, बड़ी संख्या में शहरवासी हुए शामिल

# पद्मश्री अखाड़ा गुरु भगवानदास रायकवार 'दाऊ' पंचतत्व में विलीन, एसडीएम ने पुष्प चक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुंदेलखंड की गौरवशाली परंपरा और प्राचीन शस्त्र कला 'अखाड़ा' को वैश्विक पहचान दिलाने वाले पद्मश्री (2026) के लिए चयनित अखाड़ा गुरु श्री भगवानदास रायकवार 'दाऊ' जी का शनिवार 18 अप्रैल की रात को निधन हो गया। आज रविवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार हुआ।



### गार्ड ऑफ ऑनर दिया

सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर एसडीएम अमन मिश्रा, तहसीलदार संदीप तिवारी के द्वारा मुक्तिधाम पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं तिरंगा झंडा अर्पित किया गया। पुलिस विभाग के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने पद्मश्री भगवान दास रायकवार की निधन पर श्रद्धांजलि अर्पितकर दुख व्यक्त किया एवं परिवार को दुख सहन करने की भगवान से प्रार्थना की। कलेक्टर ने श्रद्धांजलि देते हुए दुख व्यक्त किया एवं अपने संदेश में कहा कि सागर ही नहीं संपूर्ण बुंदेलखंड एवं प्रदेश के लिए यह बहुत बड़ी क्षति है।

### भोपाल एम्स मे हुआ निधन

पद्मश्री भगवान दास रैकवार का भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार के दौरान अंतिम सांस ली। वे पिछले कई दिनों से अस्वस्थ थे और वेंटिलेटर पर जीवन की जंग लड़ रहे थे। परिजनों के अनुसार, दाऊ जी को पहले सागर के चैतन्य हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां 17 मार्च से उनका इलाज चल रहा था। हालत में सुधार न होने पर 7 अप्रैल को उन्हें बेहतर उपचार के लिए भोपाल एम्स रेफर किया गया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। बीती रात्रि में उनके पुत्र राजकुमार रायकवार ने गहरे दुख के साथ उनके निधन की जानकारी दी। 83 वर्षीय भगवानदास रायकवार 'दाऊ' जी ने अपना पूरा जीवन बुंदेलखंड की पारंपरिक शस्त्र युद्ध कला 'अखाड़ा' के संरक्षण और प्रचार-प्रसार को समर्पित कर दिया। उनके अथक प्रयासों से इस प्राचीन कला को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 के लिए उन्हें 'पद्मश्री सम्मान' के लिए चयनित किया गया था। यह सम्मान उन्हें भारतीय पारंपरिक मार्शल आर्ट और अखाड़ा विद्या के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रशिक्षण में उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा था। दाऊ जी के निधन से बुंदेलखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनके जाने से अखाड़ा परंपरा का एक युग समाप्त हो गया है।

पद्म श्री से चयनित भगवान दास रैकवार की अंतिम यात्रा में विधायक श्री प्रदीप लारिया, जिला अध्यक्ष श्री श्याम तिवारी श्री शैलेश केशरवानी, श्री पप्पू फुसकेले, श्री राजेश केसरवानी, नगर निगम कमिश्नर श्री राजकुमार खत्री, एसडीएम श्री अमन मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जन समुदाय मौजूद था।

## मालथौन ब्लॉक की दो सिंचाई परियोजनाओं को 15.12 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति मिली

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह की पहल पर मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन विभाग ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के मालथौन ब्लाक की दो महत्वपूर्ण लघु सिंचाई परियोजनाओं के लिए 15.12 करोड़ की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। मध्यप्रदेश शासन के जलसंसाधन विभाग के अपर सचिव रवीन्द्र चौधरी द्वारा विभाग के प्रमुख अभियंता को भेजे गए पत्र के अनुसार सागर जिले के मालथौन विकासखंड की बरोदिया चंद्रापुर तालाब (नहर रहित) सिंचाई परियोजना को 822.88 लाख तथा बीजरी सागौनी तालाब (नहर रहित) सिंचाई परियोजना को 689.64 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों सिंचाई परियोजनाओं से आसपास के अनेक ग्रामों का जलस्तर बढ़ेगा तथा सिंचाई की सुविधा प्राप्त होगी। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने इस स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना: वैष्णोदेवी यात्रा हेतु आवेदन 25 अप्रैल तक

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 03 मई को सागर जिले से वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा का आयोजन प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार इस यात्रा में 262 तीर्थ यात्रियों को शामिल किया जाएगा। यात्रा के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की गई है। इच्छुक हितग्राही निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी आवेदनों में आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज सॉफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी दोनों रूपों में आवेदन संबंधित कार्यालय में समय-सीमा के भीतर जमा करना होगा।




## पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने 15 मरीजों को इलाज हेतु भोपाल भेजा

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में रविवार को 15 मरीजों को उनके परिजनों सहित कुल 32 लोगों को उपचार हेतु विधायक गोपाल भार्गव द्वारा अपने निवास गणनायक से भोपाल के लिए रवाना किया गया। इन मरीजों में 05 कैंसर, 02 हृदय रोग, 01 किडनी, 02 न्यूरोपैथी, 01 गैंगरीन एवं 04 अन्य विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीज शामिल हैं। तेंदूडावर, केसली निवासी 6 वर्षीय जतिन (पिताः भूपेंद्र लोधी) के हृदय में छेद का उपचार वेदिका फाउंडेशन द्वारा कराया जाएगा। वहीं दमोह जिले के हथना ग्राम निवासी 5 वर्षीय प्रिंस (पिताः भूपेंद्र) के कूल्हे का ऑपरेशन विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कराया जाएगा। सभी उपचाररत मरीजों एवं उनके सहयोगी/परिजनों कों भोपाल स्थित निवास पर विश्राम और भोजन की उचित व्यवस्था की गई है।

## पीएम का राष्ट्र के नाम संदेश पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने महिला शक्ति के साथ लाइव देखा




**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राष्ट्र के नाम संदेश पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने अपने निवास गणनायक पर बड़ी संख्या में उपस्थित नारी शक्ति के साथ लाइव देखा। नारी शक्ति अधिनियम के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम संदेश का लाइव प्रसारण उपस्थित मातृशक्ति के साथ विधायक पं. गोपाल भार्गव एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संगीता मनोज तिवारी ने सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर भार्गव ने कहा कि नारी सम्मान पर सवाल उठाना, सिर्फ एक कानून का विरोध नहीं बल्कि देश की आधी आबादी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध कर विपक्ष ने यह साफ कर दिया है कि उनके लिए महिलाओं का सशक्तिकरण प्राथमिकता नहीं है। आज की जागरूक नारी सब देख रही है, समझ रही है,और समय आने पर कड़ा जवाब भी देगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित रहीं।















### तौल से भुगतान तक की जांच व किसान संवाद कर परखी गेहूं उपार्जन की हकीकत

# सीएम की समीक्षा के 24 घंटे में एक्शन कलेक्टर ने किया मंडी निरीक्षण व संवाद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रदेश स्तर पर गेहूं उपार्जन को लेकर सख्त निर्देश जारी होने के महज एक दिन बाद ही टीकमगढ़ प्रशासन हरकत में नजर आया। मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को गेंहू उपार्जन कार्य की सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए जाने के तुरंत बाद कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कृषि उपज मंडी पहुंचकर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों के साथ मंडी परिसर में स्थापित गेहूं उपार्जन केंद्र का निरीक्षण करते हुए तौल व्यवस्था, गेहूं की गुणवत्ता, बारदानों की उपलब्धता, परिवहन, भंडारण और भुगतान प्रक्रिया की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि गेंहूँ उपार्जन कार्य पूरी तरह पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व ही मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया था कि गेहूं उपार्जन कार्य सहज और व्यवस्थित तरीके से संपन्न होना चाहिए। मंडियों में किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, छायादार बैठने की व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही आकस्मिक निरीक्षण और सतत निगरानी के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश भी दिए गए थे। मुख्यमंत्री के इन निर्देशों का त्वरित पालन करते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने अगले ही दिन मंडी पहुंचकर न केवल निरीक्षण किया, बल्कि मौके पर मौजूद किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। किसानों ने कुछ व्यवस्थाओं को लेकर अपनी बात रखी, जिस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने मंडी परिसर में साफ-सफाई, पेयजल और छाया जैसी मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसान को उपार्जन केंद्र पर किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरी प्रक्रिया सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरी हो। किसानों से संबाद के दौरान उपार्जन प्रक्रिया को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। कुछ किसानों ने व्यवस्थाओं में सुधार की सराहना की, तो कुछ ने अब भी चुनौतियों की ओर ध्यान दिलाया। किसानों का कहना रहा कि तौल प्रक्रिया पहले की तुलना में तेज हुई है, लेकिन भीड़ बढ़ने पर इंतजार की स्थिति बन जाती है। वहीं कुछ किसानों ने बारदानों की उपलब्धता और समय पर भुगतान को लेकर भी चिंता जताई। हालांकि कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान मौके पर अधिकारियों की सक्रियता बढ़ी नजर आई और कई समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। किसानों ने उम्मीद जताई कि प्रशासन की सख्ती से आगे व्यवस्थाएं और बेहतर होंगी। एसडीएम संस्कृति मुदित लटौरिया सहित संबंधित अधिकारी एवं मंडी कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद जिला प्रशासन की त्वरित सक्रियता साफ संकेत दे रही है कि इस बार गेहूं उपार्जन को लेकर लापरवाही की गुंजाइश न होगी।

### डीजीपी के निर्देश के बाद एसपी मंडलोई का एक्शन

# थाना प्रभारियों की उच्च स्तरीय बैठक में दिया रोजाना निरीक्षण और टेक्नोलॉजी आधारित सुरक्षा पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में बैंकों और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने अलर्ट मोड में आने के प्रयास तेज कर दिए है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशों के बाद जिला पुलिस ने बैंक सुरक्षा को लेकर सख्त रणनीति लागू करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने 18 अप्रैल को पुलिस कंट्रोल रूम में समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में एसपी मंडलोई ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में बैंक प्रबंधन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें और सुरक्षा के निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि बैंकों का नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी बेहद जरूरी है, जिससे किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। एसपी मंडलोई ने निर्देशित किया कि बैंक और एटीएम की सुरक्षा जांच एक विस्तृत चेकलिस्ट के आधार पर की जाए। इस चेकलिस्ट में बैंक की मूल जानकारी, शाखा प्रबंधक के संपर्क विवरण, सुरक्षा गार्ड की उपलब्धता और उनके हथियारों की स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की संख्या और उनकी कार्यशीलता, डीवीआर, एनवीआर डेटा बैकअप, अलार्म और सायरन सिस्टम की स्थिति, करंसी चेस्ट की सुरक्षा, लॉकर व्यवस्था, एटीएम सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और भवन की संरचना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं का गहन परीक्षण शामिल है। उन्होंने विशेष रूप से सीसीटीवी सिस्टम की प्रभावशीलता पर जोर देते हुए कहा कि बैंक परिसरों में आंतरिक और बाहरी दोनों क्षेत्रों में पूर्ण कवरेज होनी चाहिए, साथ ही नाइट विजन सुविधा और प्रवेश निकास बिंदुओं की निगरानी भी सुनिश्चित की जाए।

डेटा स्टोरेज और बैकअप सिस्टम को भी व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अलार्म और सायरन सिस्टम की कार्यशीलता की जांच के साथ उनकी संबंधित थानों से कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित करने को कहा गया। सुरक्षा गार्ड का पुलिस सत्यापन, उनकी सतर्कता और कैश हैंडलिंग के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा प्रोटोकॉल की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए। एसपी मंडलोई ने अपने संदेश में कहा कि सतर्कता, समन्वय और तकनीकी सुरक्षा उपायों का समुचित पालन ही सुरक्षित बैंकिंग व्यवस्था की कुंजी है। जिम्मेदारी से कार्य कर सिस्टम को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के निर्देश दिए।

# मुस्कान अभियान के तहत 8 घंटे में खोजा गुम 11 वर्षीय नाबालिग




एसपी मंडलोई के सख्त निर्देशों का असर, साल 2026 में 40 से ज्यादा बच्चों को मिलाया परिजनों से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे मुस्कान अभियान के तहत जिला पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर गुमशुदा नाबालिगों को उनके परिजनों से मिलाने में अहम भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में एक बार फिर पुलिस ने तत्परता का परिचय देते हुए महज 8 घंटे के भीतर लापता 11 वर्षीय बालक को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली में फरियादी द्वारा सूचना दी गई कि उनके साडू का 11 वर्षीय पुत्र 17 अप्रैल को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कोतवाली पुलिस को तत्काल कार्रवाई करते हुए नाबालिग की शीघ्र दस्तयाबी के सख्त निर्देश दिए। एसपी के निर्देशन में पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और साइबर सेल की मदद लेते हुए तकनीकी और स्थानीय स्तर पर सघन खोजबीन शुरू की। लगातार प्रयासों और सतर्कता के चलते पुलिस टीम ने मात्र 8 घंटे के भीतर नाबालिग बालक को सुरक्षित खोज निकाला। इसके बाद उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बेटे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया और राहत की सांस ली।

इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि भूषण पाठक के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक सतीष चंद्र त्रिपाठी, नंद किशोर, प्रधान आरक्षक गजाधर तथा आरक्षक गौरी, अभिषेक और ऋषि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि गुमशुदा बच्चों की खोज और उनकी सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में त्वरित और संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गौरतलब है कि वर्ष 2026 में एसपी मंडलोई के निर्देशन में अब तक जिला पुलिस द्वारा देश के विभिन्न शहरों से अब तक 40 से अधिक नाबालिगों को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलवाया जा चुका है। एसपी मंडलोई ने कहा कि पुलिस का यह प्रयास परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौटाने का काम करता है।

### पर्यावरण व सद्भाव संदेश देने साइकिल से निकले राइडर का कलेक्टर व पूर्व विधायक ने किया सम्मान

# दिव्यांगता पर भारी जज़्बा के साथ तिरंगा संग देश नाप रहे वासु



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जब हौसले बुलंद हों तो मंजिलें खुद रास्ता बनाती हैं। इसका जीवंत उदाहरण बनकर सामने आए हैं वासु राइडर। 55 प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद वे तिरंगा हाथ में लेकर पूरे भारत की साइकिल यात्रा पर निकले हैं और पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक सद्भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। रविवार को उनके टीकमगढ़ आगमन पर शहर ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनका जज़्बा हर किसी को प्रेरित कर गया। टीकमगढ़ पहुंचने पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पूर्व विधायक राकेश गिरी ने वासु राइडर का शाल-श्रीफल और फूलमालाओं से भव्य सम्मान किया। इस दौरान दोनों ने उनके अदम्य साहस और सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को नई दिशा देने का काम करते हैं। उत्तर प्रदेश के आगरा निवासी वासु राइडर ने 2 जून 2025 को अपनी इस अनूठी यात्रा की शुरुआत की थी।

उनका लक्ष्य केवल दूरी तय करना नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने तक यह संदेश पहुंचाना है कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और सामाजिक सद्भाव ही राष्ट्र की असली ताकत है। वे अपनी यात्रा के दौरान हर शहर, कस्बे और गांव में लोगों से संवाद कर उन्हें प्रदूषण मुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वासु राइडर ने बताया कि वे अब तक कई राज्यों का सफर तय कर चुके हैं और जहां भी पहुंचे, वहां उन्हें लोगों का अपार स्नेह और सहयोग मिला। वे स्कूलों और कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हैं, पौधारोपण और स्वच्छता जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाते हैं और युवाओं को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार बनने का संदेश देते हैं। टीकमगढ़ में मिले सम्मान को लेकर वासु राइडर भावुक नजर आए। उन्होंने कहा कि यह सम्मान



उनके लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि आगे बढ़ने की नई ऊर्जा है।

उन्होंने जिला प्रशासन और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का सहयोग उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति और दृढ़ बनाता है। लोगों ने भी वासु राइडर के साथ संवाद किया और उनके अनुभवों को सुना। कई युवाओं ने उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताते हुए उनके साथ फोटो खिंचवाए और उनके अभियान में समर्थन देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पूर्व विधायक राकेश गिरी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनकी आगे की यात्रा के लिए ससम्मान रवाना किया। साथ ही यह विश्वास जताया कि वासु राइडर का यह अभियान देशभर में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय और पूर्व विधायक राकेश गिरी ने संयुक्त रूप से कहा कि वासु राइडर की यह यात्रा केवल किलोमीटरों की दूरी तय करने का प्रयास नहीं, बल्कि एक सकारात्मक सोच के साथ किया जा रहा बो मिशन है, जो बताता है कि सच्चे इरादों के सामने कोई भी चुनौती बड़ी नहीं होती। जज़्बा न सिर्फ दिव्यांगजनों के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा जीवंत उदाहरण बना है।

# स्वच्छता में ही छिपी शहर की असली पहचान : भदौरिया

कलेक्टर निर्देश पर नपा सीएमओ ने घर-घर पहुंच कर समझाया महत्व, 400 मीटर नालियों की हुई सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

स्वच्छता ही सेवा है के संदेश को जमीनी स्तर पर साकार करने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने अब सख्त और सक्रिय रुख अपना लिया है। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के स्पष्ट निर्देशों के बाद शहर में स्वच्छता अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। इसी कड़ी में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा खुद मैदान में उतरकर न केवल सफाई कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही हैं, बल्कि घर घर जाकर नागरिकों से सीधे संवाद कर उन्हें जागरूक भी किया जा रहा है।

स्वच्छता अभियान को गति देने के लिये कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। जिसको लेकर अधिकारियो को निर्देशित भी किया गया है। कलेक्टर श्रोत्रिय के इन्ही निर्देश के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण एवं नाली सफाई अभियान 2026 के चलते नपा सीएमओ भदौरिया द्वारा रविवार के दिन नगर के विभिन्न वार्डों में व्यापक निरीक्षण और मोहल्ला भ्रमण किया गया।



इस दौरान सीएमओ भदौरिया ने जमीनी हकीकत का जायजा लेते हुए साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अभियान का मुख्य केंद्र वार्ड क्रमांक 7 का महाराजपुरा क्षेत्र रहा, जहां विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर करीब 400 मीटर लंबी नालियों की सफाई कराई गई। लंबे समय से जमी गंदगी हटने के बाद नालियों की जल निकासी व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। निरीक्षण के दौरान सीएमओ भदौरिया ने दुकानदारों, हाथ ठेला संचालकों और आम नागरिकों से स्वच्छता को लेकर सीधा संवाद किया। उन्होंने सख्त लहजे में समझाइश देते हुए कहा कि कचरा इधर-उधर फेंकना बंद करें और केवल निर्धारित डस्टबिन का ही उपयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर की सुंदरता बनाए रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। इस दौरान नपा सीएमओ भदौरिया ने बताया कि कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप नगर पालिका की टीम लगातार मैदानी स्तर पर सक्रिय बनी हुई है।

### गर्मी की दस्तक, पेयजल संकट गहराया

# दलित बस्ती में पानी का संकट टैंकर से आपूर्ति की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नगर क्षेत्र के विष्णुपुरा वार्ड नंबर-02 स्थित दलित बस्ती में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर पीने योग्य पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि वार्ड नंबर-02 विष्णुपुरा में दलित वर्ग के मेहनतकश गरीब व मजदूर परिवार निवास करते हैं, जहां पिछले कई वर्षों से पानी की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में कई बार जल संस्थान व जल निगम को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की कमी के चलते उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वह आक्रोशित भी हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि जल्द से जल्द पेयजल की समुचित व्यवस्था कराई जाए।

### एसपी के नशामुक्ति अभियान को मिला व्यापक जनसमर्थन, गांव-गांव पहुंच रही अलख

# जाग्रत समाज से ही नशामुक्त व सुरक्षित भविष्य संभव: मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले में नशे के खिलाफ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा छेड़ी गई मुहिम अब महज एक अभियान नहीं, बल्कि जनआंदोलन का रूप लेती नजर आ रही है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर संचालित इस अभियान को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में जिस तरह से गति मिली है, उसने समाज के हर वर्ग को जोड़ने का काम किया है। लगातार संवाद, जागरूकता और सहभागिता के जरिए यह अभियान लोगों के दिलों तक पहुंच रहा है।

एसपी मंडलोई की पहल पर जिलेभर में पुलिस टीमें शहरों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी सक्रिय हैं। वे लोगों से सीधे संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों को सरल भाषा और स्थानीय उदाहरणों के माध्यम से समझा रही हैं। यही कारण है कि आमजन में जागरूकता के साथ-साथ जिम्मेदारी की भावना भी विकसित हो रही








है। 18 अप्रैल को थाना मोहनगढ़ एवं चौकी जेवर क्षेत्र के गांवों में आयोजित विशेष कार्यक्रमों में ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। इन कार्यक्रमों ने अभियान को और मजबूती प्रदान की है। गांवों में इस तरह की सहभागिता यह दर्शाती है कि अब समाज स्वयं नशामुक्ति की दिशा में आगे बढ़ने को तैयार है। इस अभियान की खास बात यह है कि इसे केवल नशामुक्ति तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि सामाजिक सुधार से भी जोड़ा गया है। कार्यक्रमों के दौरान बाल विवाह, दहेज प्रथा और अन्य कुरीतियों के खिलाफ भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिससे समाज में समग्र परिवर्तन लाने की कोशिश की जा रही है।

युवा वर्ग को इस अभियान का केंद्र बिंदु बनाया गया है। उन्हें शिक्षा, खेल, कौशल विकास और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही अनुशासन, लक्ष्य निर्धारण और सही सोच के महत्व पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। अभियान के आंकड़े भी इसकी सफलता की कहानी बयां कर रहे हैं। अब तक जिले में 485 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें 80 हजार से ज्यादा नागरिकों की भागीदारी रही है। यह आंकड़े इस बात का प्रमाण हैं कि अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में प्रभावी साबित हो रहा है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नशे और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक रहें, कानून का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि नशामुक्ति अभियान अब जनभागीदारी से सशक्त सामाजिक आंदोलन बन चुका है। यह नशे के खिलाफ लड़ाई को मजबूत कर जागरूक, स्वस्थ व सुरक्षित समाज की नींव भी रख रही है।

### पसीने से तरबतर दूल्हा दुल्हन करते रहे अतिथियों का इंतजार

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, श्योपुर में 134, कराहल में 63 जोड़ों ने फेरे लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

अक्षयतृतीया के शुभ मुहूर्त पर रविवार को जिले भर में शादियों की धूम रही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत जनपद एवं नगर पालिका परिषद श्योपुर एवं नगर परिषद बड़ौदा के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित हेवी मशीनरी टीनशेड में 134 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। हालांकि श्योपुर में 137 जोड़ों ने पंजीयन कराए थे लेकिन उनमें से 3 जोडे किन्हीं कारणों से विवाह स्थल तक पहुंचे ही नहीं। खास बात यह रही कि परिणय सूत्र में बंधने के लिए वर वधू नियत समय पर पहुंच गए लेकिन मुख्य अतिथि सांसद शिवमंगल सिंह तोमर के आगमन में देरी होने से फेरों के आयोजन में देरी हुई जिससे हवन वेदी पर बैठे दूल्हा दुल्हन हाथों से कहीं साड़ी के पल्लू से तो कहीं कागज़ को पंखा बनाकर हवा करते देखे गए। खास बात यह रही कि तीन तीन संस्थाओं की जिम्मेदारी के बीच भी वर वधू के लिए पंखों तक की व्यवस्था नहीं की गई।

जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत आयोजित हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में मुख्य अतिथि की हैसियत से पहुंचे सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने वधुओं को 49-49 हजार रुपए के चेक प्रदान किए ओर नवदम्पतियों को सफल दाम्पत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर शीला दाहिमा, जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद, एसडीएम गगन मीणा, भाजपा जिला अध्यक्ष शंशाक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह सिसोदिया, सुरेंद्र जाट, अशोक गर्ग, जनपद अध्यक्ष रीना आशीष मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं भाजपा नेता मौजूद रहे।



#### 8.22 लाख रुपए लेने के बाद भी कुलर पंखे तक नहीं लगाए

जिला मुख्यालय पर 137 जोड़ों के पंजीयन किए गए थे शासन के नियम अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने वाले दंपतियों के लिए 55000 दिए जाते हैं इनमें से 49000 वधू को बर्तन खरीदने के लिए नगद चेक या बैंक अकाउंट में राशि ट्रांसफर की जाती है जबकि 6000 रुपए उक्त संस्था को दिए जाते हैं जो शादी का आयोजन करती है। जिसके तहत 8 लाख 22 हजार रुपए आयोजन समिति जनपद पंचायत श्योपुर को मिले थे इस रुपए से जनपद पंचायत वर वधू एवं मेहमानों के लिए पंखे कूलर का इंतजाम तक नहीं कर सकी। वर वधू पसीने से तरबतर होकर कहीं साड़ी से तो कहीं रुमाल से पसीना पोंछते और कागज का पंखा बनाकर हवा झलते दिखाई पड़े।




#### बेटी को बोझ के कलंक से दिलाई मुक्तिः सांसद

कराहल मुख्यालय पर 63 जोड़ों के विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत कराए गए इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने नव दंपति को सुखी दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद देते हुए 49-49 हज़ार रुपए के चेक प्रदान किए साथ ही सरकार की योजना के बारे में बताते हुए कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी और प्रदेश में डॉ मोहन यादव की डबल इंजन वाली सरकार ने महिलाओं के लिए बहुत काम किया है। पहले बेटियों को बोझ समझा जाता था जिस घर में बेटी का जन्म होता था वहां पर मां-बाप उसकी शादी कैसे करेंगे चिंता में दुखी हो जाते थे पर आज बेटी बोझ नहीं मां-बाप का अभिमान बन गई है। बेटी के पैदा होते ही उसे लाडली लक्ष्मी बनाकर सरकार ने माता पिता की सारी चिंता दूर कर दी है। बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान के तहत पूरी शिक्षा निशुल्क की गई है। लाडली बहना के रूप में उन्हें नगद राशि दी जा रही है। शादी होने पर पूरा खर्चा सरकार वहन कर रही है। हाल ही में देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण देने का बिल भी पेश था पर विपक्ष की कुटिल नीति के चलते बिल पास नहीं हो सका यह बिल दोबारा लाएंगे और महिलाओं को हर हाल में आरक्षण देकर आत्मनिर्भर और सम्मान दिलाने का काम करेंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई, कलेक्टर शीला दाहिमा, जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### पूरे प्रदेश में मिली पर श्योपुर जिले में चौथी क्रमोन्नति से वंचित शिक्षक

# दर्जनों शिक्षक रिटायर्ड हो गए चौथी क्रमोन्नति मिलने के इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले में शिक्षा विभाग द्वारा लापरवाही करना कोई नई बात नहीं है। यहां सरकारी योजनाओं का लाभ शिक्षकों और विद्यार्थियों को अन्य जिलों के बाद तब मिलता है जब शिकवे शिकायत भोपाल तक पहुंच जाती है। ऐसी ही शिकवे शिकायत शनिवार को आंदोलन करने भोपाल पहुंचे शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल ने विभाग के आला अधिकारियों से की है। जिसमें 35 वर्ष की सेवा पूरी करने वाले शिक्षकों को चौथी क्रमन्नति का लाभ अभी तक नहीं दिए जाने का उल्लेख भी शामिल है। इस क्रमोन्नति को पाने की आस में दर्जनों शिक्षक रिटायर्ड होकर घर पहुंच गए हैं पर उन्हें क्रमन्नति का लाभ नहीं मिला है।

शासन के नियमानुसार शासकीय कर्मचारियों खासकर शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति की तिथि से 12 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने पर पहली क्रमोन्नति का लाभ दिया जाता है। इसके तहत कर्मचारी को अगले उच्च ग्रेड पे/वेतनमान में वेतन का लाभ मिलता है। दूसरी क्रमोन्नति प्रथम क्रमोन्नति मिलने के बाद या नियुक्ति से 24 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर देय होती है। इससे कर्मचारियों के वेतन में और बढ़ोतरी होती है, लेकिन पदनाम नहीं बदलता है।दूसरी क्रमोन्नति के बाद या 30 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर इसका लाभ दिया जाता है। चौथी क्रमोन्नति का लाभ 35 वर्ष की सेवा पूरी करने पर मिलता है। इससे लंबे समय तक एक ही पद पर रहने वाले कर्मचारियों (जैसे- शिक्षक) के लिए यह वेतनमान सुरक्षा प्रदान करती है। यह लाभ 1 जुलाई 2023 से दिया गया है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शिक्षक दिवस के अवसर पर की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद पूरे प्रदेश में शिक्षकों को इस क्रमोन्नति का लाभ दिया जा चुका है लेकिन श्योपुर जिले के शिक्षक इस मामले में शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण लाभ से वंचित बने हुए हैं।




#### इनका कहना...

चौथी क्रमोन्नति का लाभ संकुल प्रिंसिपलों द्वारा अनुशंसा करने पर दिया जाता है। मैं श्योपुर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ऐसे शिक्षक जो 35 वर्ष आयु पूरी कर चुके हैं उन सभी को भले ही वह रिटायर हो गए हो को चौथी क्रमोन्नति का लाभ देने के लिए प्रकरण बनाकर बीईओ कार्यालय मंगवाने के निर्देश संकुल प्रिंसिपलों को दूंगी ताकि उक्त प्रकरणों को जिला अधिकारी के पास भेजा जा सके।

**मधु शर्मा**
**बीईओ श्योपुर**

### गसवानी थाना क्षेत्र का मामला, शादी में जा रहे थे ई रिक्शा में सवार लोग

# चोर पुलिया के पास पलटा ई रिक्शा पति की मौत, पत्नी हो गई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गसवानी थाना क्षेत्र स्थित चोर पुलिया के पास एक रिक्शा पलटने से उसमें सवार एक ग्रामीण की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी घायल हो गई। यह हादसा शनिवार की दोपहर को उस समय घटित हुआ,जब ई रिक्शा में सवार लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया और मृत हुए ग्रामीण का रविवार की सुबह विजयपुर अस्पताल में पीएम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।साथही एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

गसवानी थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के गोवर्धन थाना क्षेत्र के अधीन आने वाले गांव गणेशखेडा निवासी सुगर सिंह कुशवाह, उसकी पत्नी तथा चाचा विद्याराम कुशवाह तथा चाची कलावती कुशवाह शनिवार को अर्रोद गांव में रहने वाले रिश्तदारो के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। शादी में जाने के लिए उन्होने अपने रिश्तेदार रूद्र कुशवाह निवासी सिरथैयापुरा को भी बुला लिया और अपना रिक्शा लेकर गणेश खेडा पहुंचा और जिसमें बैठकर य लोग अर्रोद के लिए रवाना हुए। तभी गसवानी थाना क्षेत्र स्थित चोर पुलिया के पास ई रिक्शा अचानक असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के दौरान रिक्शा चालक रूद्र कुशवाह, सुगर सिंह कुशवाह तथा सुगर सिंह कुशवाह की पत्नी के तो मामूली खरोचे आकर रह गई। लेकिन विद्याराम कुशवाह 45 वर्ष पुत्र गुलाब सिंह कुशवाह की मौत हो गई। जबकि विद्याराम की पत्नी कलावती कुशवाह घायल हो गई। जिसे इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने बताया कि रविवार को पीएम के बाद विद्याराम के शव विजयपुर अस्पताल से परिजनों के सुपुर्द कर दिया और ई रिक्शा चालक रूद्र कुशवाह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

#### इधर ससुराल में दामाद की छत से गिरने से मौत

बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम मदनपुर में रात्रि के दौरान एक युवक की छत से गिर जाने के कारण मौत हो गई। मदनपुर मृतक की ससुराल है,जहां वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए पहुंचा था। पुलिस ने मृतक के शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि बरगवां निवासी कप्तान आदिवासी 26 वर्ष पुत्र भंवरलाल आदिवासी की मदनपुर गांव में ससुराल है। जहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए कप्तान अपने ससुराल में पहुंचा था। रात्रि के दौरान जब वर घर की छत पर सो रहा था,तभी सोते वक्त वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। जिसका पता चलने पर परिवार के लोग उसे इलाज के लिए कराहल अस्पताल लाए,जहां से उसे जिला अस्पताल में रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में कप्तान की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### समाजसेवी मित्रों ने जिला अस्पताल को दान की वेंटिलेटर एंबुलेंस

# अब नहीं होगी इलाज के अभाव में किसी की मौत, जिले को मिली सुविधा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों बड़ौदा निवासी युवा समाजसेवी भंडारी की मौत पर लोगों ने चिकित्सीय उपकरणों की कमी बताकर शासन प्रशासन पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि अगर जिले में वेंटिलेटर एम्बुलेंस होती तो युवक की मौत नहीं होती। उसे जीवन रक्षक उपकरणों के सहारे जिला अस्पताल लाया गया होता तो उसकी रास्ते में मौत नहीं होती। खास बात यह है कि ऐसी पोस्ट समाजसेवी बिहारी सिंह सोलंकी ने डाली थी और उन्होंने अपनी पोस्ट को अमली जामा पहनाते हुए अपने मित्र विष्णु सिंहल के सहयोग से जिला अस्पताल को एक वेंटिलेटर एम्बुलेंस रविवार को खरीदकर गिफ्ट भी कर दी।

दरअसल वेंटिलेटर एम्बुलेंस एक उन्नत जीवन रक्षक एम्बुलेंस है, जो गंभीर रूप से बीमार रोगियों को देखभाल और सहायता प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक उपकरणों से सुसज्जित होती है। इस प्रकार के गंभीर देखभाल परिवहन वाहन जीवन रक्षक उपकरणों से पूरी तरह सुसज्जित होते हैं, जैसे कि मैकेनिकल वेंटिलेटर, ऑक्सीजन वितरण प्रणाली, ईसीजी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, रक्तचाप मॉनिटर आदि जैसे उन्नत निगरानी उपकरण, और सक्शन उपकरण सुसज्जित वेंटिलेटर एम्बुलेंस एक उन्नत एम्बुलेंस है। अभी तक यह एंबुलेंस सवाई माधोपुर एवं कोटा से मंगाई जाती थी जिसे आने में इतनी देर हो जाती थी कि परिजन ओर चिकित्सक साधारण एंबुलेंस से ही मरीज को बाहर भेज देते थे। अब ऐसा नहीं होगा दूर दराज गांवों में भी जरूरत पड़ने पर वेंटीलेटर एम्बुलेंस उन्हें इलाज मुहैया करवाते हुए जिला अस्पताल लेकर आएगी जरूरत पड़ने पर जिले के बाहर भी लेकर जाएंगी।




# नगर मंडल अध्यक्ष ने सांसद को विकास कराने मांग पत्र सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर जिले के दौरे पर आए क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर से रविवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने मुलाकात की और उन्हें जिले का विकास और सुविधाओ का विस्तार कराए जाने के लिए एक मांत्र पत्र सौंपा। नगर मंडल अध्यक्ष मंगल ने सांसद तोमर को दिए मांग पत्र में क्षेत्र के किसानों को आ रही समस्याओं सहित पुलिस व्यवस्था में कसावट, नगर की मूलभूत सुविधाओ के विस्तार सडक, विजली तथा अन्य कई जनहितैषी मुद्दो को उठाया और इस संबंध में शासन स्तर से कार्रवाई करवाए जाने का अनुरोध किया। इस दौरान सांसद तोमर ने मांगों पर सकारात्मक विचार करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण भी मौजूद थे।

### परिजनों का आरोप मारपीट करने से हुई मौत,जांच में जुटी पुलिस

# मारपीट के डर से भागा युवक बिजली के पोल पर चढ़ा, करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना क्षेत्र के ग्राम सिलपुरी में शादी समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद एक युवक की करंट लगने से मौत होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान युवक मारपीट करने के डर से भागकर बिजली के पोल पर चढ गया, जहां उसे करंट लग गया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सिलपुरी की आदिवासी बस्ती में शनिवार रविवार की दरमियानी रात को शादी समारोह के दौरान शिवपुरी जिले के मंडीखेडा गांव से आदिवासी लोग भात देने के लिए आए थे। इस दौरान जब डीजे पर डांस चल रहा था,तभी वहां डास करने की बात को लेकर गांव के ही एक युवक राकेश जाट पुत्र दौलत जाट का कुछ लोगों से विवाद हो गया। विवाद के दौरान मारपीट हो गई। बताया जा रहा है कि विवाद अधिक बढा तो आदिवासी के कुछ लोगो ने एकत्रित होकर राकेश के साथ मारपीट कर दी। इस मारपीट से खुद को बचाने के प्रयास में राकेश भागकर पास ही स्थित बिजली के पोल पर चढ गया। पोल पर चढने के दौरान राकेश बिजली के करंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि राकेश की मौत मारपीट किए जाने से हुई है। इसलिए मारपीट करने वाले लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए। इस मामले को लेकर परिजनों ने रविवार की सुबह कराहल थाने का घेराव किया,जहां थाना प्रभारी ने जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया। जिससे परिजन मान गए और पीएम के उपरांत शव को अपने साथ लेकर चले गए।

#### मृतक पर मारपीट का मामला दर्ज

खास बात यह है कि जिस युवक की करंट लगने से मौत हुई है,उसके खिलाफ कराहल थाना पुलिस ने मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि रवि आदिवासी पुत्र कनीराम आदिवासी निवासी मंडीखेडा थाना पोहरी जिला शिवपुरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि के दौरान राकेश जाट ने आदिवासी बस्ती में आकर डास की बात पर विवाद किया और मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान चोट भी आई है। जिसके बाद पुलिस ने राकेश जाट के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### जांच कर रहे

डीजे पर डांस करने की बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के दौरान मारपीट भी हुई है। इस मामले में एक पक्ष की रिपोर्ट पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। वहीं राकेश जाट की मौत मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**अवनीत शर्मा**
**एसडीओपी, बड़ौदा**

### नहीं हुई रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था तो बिना जांच अस्पताल से लौटने को मजबूर होंगे मरीज

# लंबी छुट्टी पर गए रेडियोलॉजिस्ट, अब जिला अस्पताल में जनरल मरीजों की कौन करेगा सोनोग्राफी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच करने वाले रेजियोलॉजिस्ट डॉ बीआर बंसल लंबी छुट्टी पर चले गए है। बंसल के अलावा जिला अस्पताल में कोई दूसरा रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। ऐसे में सवाल खडा हो गया है कि अब जिला अस्पताल में मरीजों की सोनोग्राफी जांच कौन करेगा। हालांकि जरूरी होने पर गर्भवती महिलाओ की सोनोग्राफी जांच तो मेटरनिटी वार्ड में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कर देगे। मगर सोनोग्राफी जांच कराने के लिए पहुंचने वाले जनरल मरीजों की रेडियोलॉजिस्ट के न होने के कारण बिना जांच के ही जिला अस्पताल लौटना पडेगा।

हालांकि ऐसी स्थिति न बने,इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से उनका यहां पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट को जिला अस्पताल में भेजने के लिए पत्र लिख दिया है। लेकिन मेडिकल कॉलेज में पदस्थ रेडियोलॉजिस्ट यदि किन्ही कारणों के चलते जिला अस्पताल में अपनी सेवाए देने के लिए नहीं पहुंचे तो मरीजों का सोनोग्राफी जांच के ही परेशान होना तय दिख रहा है।

भलेही जिला अस्पताल में सरकार की ओर से सुविधाएं बढाई जा रही हो, लेकिन डॉक्टर और स्टाफ की संख्या जरूरत के लिहाज से नहीं बढ रही है। जिसकारण अस्पताल प्रबंधन की मुसीबत और मरीजो की परेशानियां बढ रही है। बात रेडियोलॉजिस्ट की करे तो जिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में एक मात्र डॉक्टर बीआर बंसल पदस्थ है। उनके अवकाश पर जाने के दौरान सोनोग्राफी जांच की प्रक्रिया प्रभावित होती है। क्योंकि डॉ बंसल के अलावा जिला अस्पताल में दूसरा कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। बताया जा रहा है कि डॉ बीआर बंसल एक महीने की लंबी छुट्टी पर चले गए है। जिसकारण यह समस्या खडी हो गई है कि अब जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच कौन करेगा। बताना होगा कि प्रतिदिन 60 से 70 मरीज सोनोग्राफी जांच कराने के लिए जिला अस्पताल में पहुंचते है।




#### 31 मई को रिटायर भी होने जा रहे डॉ बंसल

एक महिने की लंबी छुट्टी पर चले गए जिला अस्पताल में एक मात्र रेडियोलॉजिस्ट डॉ बीआर बंसल 31 मई 2026 को रिटायर भी होने जा रहे है। बताया गया है कि डॉ बंसल की कई छुट्टियां भी बाकी चल रही है। इसलिए संभावना जताई जा रही है कि एक महीने की छुट्टी पूरी होने के बाद भी डॉ बंसल मुश्किल ही जिला अस्पताल में वापस लौटेगे। क्योंकि 19 मई को उनकी एक माह की छुट्टी पूरी होने के बाद 31 मई को उनका रिटायरमेंट भी है। ऐसे में जिला अस्पताल में सोनोग्राफी जांच करने के लिए रेडियोलॉजिस्ट की परमानेंट समस्या खडी होती दिख रही है। यह बात अस्पताल प्रबंधन को भी पता है।

#### मेडिकल कॉलेज में खाली बैठे रेडियोलॉजिस्ट

मेडिकल कॉलेज श्योपुर में रेडियोलॉजिस्ट के रूप में डॉ संजीव कुमार शर्मा की शासन की ओर से पदस्थापना कर दी गई है। बताया जा रहा है कि डॉ संजीव कुमार शर्मा ने करीब पखवाडेभर पहले अपनी ज्वाइनिंग भी मेडिकल कॉलेज श्योपुर में दे दी गई है। लेकिन फिलहाल मेडिकल कॉलेज में खाली ही बैठे हुए है। इधर डॉ बंसल के छुट्टी चले जाने से परेशान दिख रहे अस्पताल प्रबंधन ने डॉ संजीव कुमार शर्मा की सेवाए जिला अस्पताल में दिए जाने के लिए मेडिकल कॉलेज डीन को पत्र लिख दिया गया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि मेडिकल कॉलेज में पदस्थ डॉ संजीव कुमार शर्मा आखिर कब से अपनी सेवाए जिला अस्पताल के मरीजो को देना प्रारंभ करेगे।

#### इनका कहना है...

डॉ बीआर बंसल अवकाश पर चले गए है और 31 मई को उनका रिटायरमेंट भी है। अस्पताल आने वाले मरीज सोनोग्राफी जांच के लिए परेशान न हो, इसके लिए हमने मेडिकल कॉलेज डीन को पत्र लिखकर उनके यहां पदस्थ डॉ संजीव कुमार शर्मा को जिला अस्पताल में सेवाए देने के लिए भेजने का अनुरोध किया है।

**डॉ आरबी गोयल**
**सिविल सर्जन,श्योपुर**

हां, इस तरह का एक पत्र जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से प्राप्त हुआ है। जिसके बाद हमने डॉ संजीव कुमार शर्मा से जिला अस्पताल में अपनी सेवाए देने के लिए कह दिया है।

**डॉ विपेन्द्र भदकारियां**
**डीन मेडिकल कॉलेज श्योपुर**

### प्रभात फेरी निकाली, भगवान परशुराम का सामूहिक पूजन किया



श्योपुर। श्रीहरि के छटवें अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बडे ही धूमधाम के साथ शहर सहित जिलेभर में मनाया गया जहां विप्र संगठनों ने भगवान परशुराम जी का सामुहिक पूजन अर्चन करते हुए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस मौके पर रविवार को शहर में सुबह 7 बजे प्रभात फैरी निकाली गई। सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में निकाली गई प्रभार फैरी श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर से प्रारम्भ हुई,प्रभात फैरी में मौजूद दर्जनो विप्र बंधुओं ने सामुहिक रूप से नगर में भगवान के भजनो का गायन किया और भगवान परशुराम के गुणगान करते हुए किला रोड स्थित परशुराम मंदिर पर पंहुचकर प्रभात फैरी का समापन किया गया। जिसके पश्चात किला रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सामुहिक पूजन कर आरती की गई। इस मौके पर सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, महामंत्री कृष्णकांत उपाध्याय बंटी, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व अध्यक्ष केएन पाराशर, अशोक झॉ, गोविंद तिवारी, जुगराज शर्मा, निर्मला आचार्य, मायाराज शर्मा, इस मौके पर भगवान परशुराम जन्म उत्सव समिति के संयोजक विश्वनाथ त्रिपाठी वेदू, सहसंयोजक रोहित शर्मा घीवाले, राघव सरकार, अंजना मारवाडी, उमा शर्मा, अविनाश पाठक समेत बडी संख्या में विप्र जन मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई: अवैध परिवहन में 4 वाहन किए जब्त, गुना में सख्ती जारी



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। प्रशासन को प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाते हुए छापामार अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में म्याना क्षेत्र के पास एक डंपर को गिट्टी का रॉयल्टी से अधिक मात्रा में अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसे मौके पर जब्त किया गया। वहीं गुना शहर में बिना अनुमति के खनिज भंडारण से ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोडिंग करते हुए एक वाहन पकड़ा गया, जिसे कलेक्ट्रेट परिसर में खड़ा कराया गया।इसके अलावा बीनागंज क्षेत्र में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ट्रैक्टर-लोडर को एम-सैंड अवैध रूप से भरते हुए पाया गया, जिन्हें जब्त कर चौकी बीनागंज में रखा गया।कुल मिलाकर 04 वाहनों को जब्त कर उनके विरुद्ध चालानी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित विभागीय अमला उपस्थित रहा।

### आईपीएल सट्टे पर गुना पुलिस की कार्रवाई दो सटोरियों पर किया केस दर्ज, जांच शुरू

**गुना ।** गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के निर्देशानुसार जिले में जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चांचौड़ा थाना पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैचों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले दो सटोरियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में बीनागंज चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरवटपुरा क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान एक युवक को मोबाइल फोन से ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए पकड़ा गया, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहा था। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम लखन पुत्र शिवनारायण मीना (21), निवासी बीनागंज बताया। उसके मोबाइल की जांच में आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने से संबंधित ऐप और आईडी के साक्ष्य मिले। जांच में यह भी सामने आया कि उसने एक अन्य व्यक्ति से सट्टा आईडी प्राप्त कर यह गतिविधि संचालित की थी।पुलिस ने आरोपी एवं सट्टा आईडी उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ चांचौड़ा थाने में अपराध दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है।पुलिस ने कहा कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों पर रोक लगेगी और कानून व्यवस्था मजबूत होगी।




# मौत का अंधा मोड़: ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 5 श्रद्धालु गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिले के सिरसी क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पुतली घाटी के अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बजरंगगढ़ क्षेत्र के निर्भयगढ़ गांव से एक परिवार अपने परिजनों के साथ निहाल देवी मंदिर में मन्नत पूरी होने पर पूजा और भंडारे के लिए जा रहा था। ट्रॉली में करीब 25 लोग सवार थे, जिनमें 8 से 10 बच्चे भी शामिल थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही ट्रैक्टर-ट्रॉली पुतली घाटी के खतरनाक मोड़ पर पहुंची, सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी हादसे में शियूकर बाई (40), ज्योति बाई (24), राहुल (23), कविता (8) और भूरी (5) घायल हुए हैं। सभी का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण अंधे मोड़ पर अचानक ब्रेक लगाना सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है स्थानीय लोगों के अनुसार पुतली घाटी का यह अंधा मोड़ पहले भी कई हादसों का कारण बन चुका है। क्षेत्र में सुरक्षा उपायों और चेतावनी संकेतों की कमी के चलते दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से यहां पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

# लड्डुओं में नारियल व मिश्री से शरीर को मिलती है शीतलता



हरिभूमि न्यूज ⏭बीना

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में 8वें पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत दूसरी महत्वपूर्ण गतिविधि के रूप में गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन ने कहा कि पोषण संबंधी इन जानकारियों को केवल सूचना न समझें, बल्कि इसे व्यवहार में लाएं। उन्होंने सीमित शब्दों में कार्यक्रम की निरंतरता पर जोर दिया। इसके पश्चात मुख्य सत्र में पोषण पखवाड़ा प्रभारी मृणालिनी मिश्रा ने छात्राओं को 'रागी और नारियल के लड्डू' बनाने की प्रायोगिक विधि का विस्तार से प्रदर्शन किया। सहायक प्राध्यापक मृणालिनी मिश्रा ने बताया कि रागी आयरन और कैल्शियम का उत्कृष्ट स्रोत है, जो विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है। उन्होंने समझाया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए इन लड्डुओं में नारियल और मिश्री का उपयोग किया गया है ताकि यह सुपाच्य रहें और शरीर को शीतलता प्रदान करें।

इस अवसर पर डॉ. उमा लवानिया, डॉ. निशी भदौरिया सहित महाविद्यालय स्टाफ ने पोषण के इन तरीकों को अपनाने पर जोर दिया। इस प्रायोगिक सत्र के माध्यम से छात्राओं को कम लागत में तैयार होने पारंपरिक वाले पौष्टिक आहार के वैज्ञानिक महत्व से अवगत कराया गया। इसी क्रम में नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से महिला सशक्तिकरण और पोषण के संदेश को उकेरा। प्रतियोगिता में शिवानी समाधिया प्रथम, रोशनी चढ़ार द्वितीय और कीर्ति प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को उनके रचनात्मक प्रदर्शन के लिए महाविद्यालय परिवार द्वारा प्रोत्साहित किया गया।

# सूने मकान में चोरी: ताले तोड़कर सोना-चांदी और नकदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर में हो रही चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी से दहशत का माहौल बन गया है।गुना के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुरा इलाके में चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए ताले तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोपालपुरा कैंट निवासी दिनेश श्रीवास्तव अपने परिवार सहित करीब 20-25 दिनों के लिए बाहर गए हुए थे। 14 अप्रैल को जब वे वापस घर लौटे, तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला।

**अलमारी और लॉकर भी तोड़े :** घर के अंदर जाकर देखा तो चोरों ने अलमारियों और लॉकर के ताले भी तोड़ दिए थे। घर का सामान बिखरा पड़ा था, जिससे साफ है कि चोरों ने पूरी तरह तलाशी लेकर वारदात को अंजाम दिया।

**जेवरात और नकदी चोरी:** पीड़ित के अनुसार, चोर घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। चोरी हुए सामान में सोने के टॉप्स, बाली, मंगलसूत्र, चांदी की पायल, सिक्के, चांदी का नारियल सहित करीब 7000 नगद शामिल हैं।

**पुलिस से कार्रवाई की मांग:** पीड़ित ने कैंट थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

शहर के रिहायशी इलाके में हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले का खुलासा कब तक कर पाती है।

# हरिद्वार पतंजलि योगपीठ के इंटीग्रेटेड योग शिविर का समापन, सैकड़ों ने लिया भाग




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

हरिद्वार पतंजलि योगपीठ के मुख्य केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित त्रिदिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का शनिवार को समापन होगया।स्वामी ने विभिन्न योग क्रियाओं का योगाभ्यास कराया साथ ही स्वामी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसका महत्व बताते हुए शिविर का समापन कराया। उन्होंने कहा कि आज शिविर का समापन हुआ हे लेकिन आज से हमारे जीवन में योग का आरंभ हुआ हे ओर आज हम सभी यहां से संकल्प लेकर जाएंगे कि हम नियमित योग का अभ्यास करेंगे और योग करने दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। योग शिविर मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली ने बताया कि पतंजलि योग पीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में संचालित भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में आयोजित त्रिदिवसीय निःशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविर के तृतीय दिवस पर स्वामी परमार्थ जी ने नगर के सैकड़ो लोगों को योग का अभ्यास कराया जिसमें उन्होंने विभिन्न आसन, प्राणायाम, ध्यान और योगिक जीवनशैली द्वारा मधुमेह, मोटापा, ब्लडप्रेशर, गठिया, डिप्रेशन जैसी बीमारियों के इलाज से संबंधित योगों के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि नियमित योगासन से शरीर लचीला, मजबूत बनता है, और कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित होता है। उन्होंने कहा कि योग शरीर को आंतरिक रूप से स्वस्थ बनाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। प्राणायाम और ध्यान से हमारा मन शांत होता है, जिससे कार्यक्षेत्र और पढ़ाई में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता बढ़ती है। साथ ही नियमित योग से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। श्री जैन ने बताया कि तीसरे दिवस के योग शिविर में तात्या टोपे यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ किशन यादव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित जिलेवासियों ने शिविर में सम्मिलित होकर योगाभ्यास किया।

# बाइक से अशोकनगर लौट रहे 3 पटवारियों को पिकअप वाहन ने टक्कर मारी, एक ने तोड़ा दम, दो घायलों का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर





जिला मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर पिपरई अशोकनगर सड़क मार्ग पर एक पिकअप वाहन ने सामने से आ रही बाईक को टक्कर मार दी, इस बाईक से 3 पटवारी अशोकनगर जिला मुख्यालय वापिस लौट रहे थे। तभी देसाईखेडा गांव के समीप यह घटना हुई, इस घटना में एक पटवारी की मौत हो गई है जबकि दो पटवारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हे उपचार के लिए अशोकनगर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में लोडिंग वाहन का चालक भी घायल हो गया है।

यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब पटवारी पिपरई में तहसीलदार द्वारा जनसुनवाई के निराकरण को लेकर बुलाई गई बैइक में शामिल होकर बाईक द्वारा अशोकनगर वापिस लौट रहे थे तभी शाम 5 बजे रेहटवास और देसाईखेडा के बीच एक पिकअप वाहन ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी।इस घटना में एक पटवारी की मौत हो गई, और दो पटवारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, मृतक पटवारी सचिन वागवार पुत्र नारायणदास वागवार उम्र 35 साल निवासी चंदेरी शामिल हैं, जबकि घायलों में सुखवीर रजक पुत्र जगन्नाथ सिंह उम्र 30 साल एवं अरबिन्द रघुवंशी पुत्र भगवत सिंह रघुवंशी निवासी करक्या शामिल हैं। इस घटना में अरबिन्द रघुवंशी के दोनों पैरों में फ्रेक्चर है व सिर और हाथों में भी चोटें आई हैं जबकि सुखवीर रजक को पैरों में चोटे आई हैं। इन दोनों घायल पटवारियों को भोपाल रैफर किया गया है। इसी घटना में पिकअप वाहन के चालक कैलाश अहिरवार का उपचार पिपरई अस्पताल में किया जा रहा है। बताया जा रहा है घटना के बाद लोडिंग वाहन पलट गया। जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष निर्मल रघुवंशी ने बताया कि यह तीनों पटवारी 2018 के बैच के हैं और पिपरई तहसील क्षेत्र में इनकी पोस्टिंग है, वहां से यह वापिस अशोकनगर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि सचिन वागवार की पत्नि सीएम राइज स्कूल में शिक्षक है और उसकी डिलेवरी होना है लेकिन उसके पहले ही यह गंभीर घटना हो गई। पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष ने मांग की है कि मृतक पटवारी के परिवार जनों को 1 करोड रूपए की सहायता प्रदान की जाए और शनिवार अवकाश के दिन अधिकारी द्वारा बुलाई गई बैठक को लेकर तहसीलदार पर कार्यवाही की जाए।

### जारसल में 20 से नव कुंडी यज्ञ व श्री रामकथा आयोजन होगा: देवमुरारी

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

चंदेरी के जारसल चक्क सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम में नव कुंडी श्री राम महायज्ञ 20 अप्रैल से 26 अप्रैल तक एवं श्री राम कथा का भव्य आयोजन भी होगा। यज्ञ के संरक्षक एवं श्री राम कथा वाचक जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने शाला का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




## कार्यक्रम दी शुभकामनाएं

# स्वामी विवेकानंद हासे स्कूल में हुआ मेधावियों का सम्मान समारोह संपन्न




**अशोकनगर।** स्वामी विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में आज बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने उच्चतम अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। समारोह में टॉपर्स छात्रों एवं उनके अभिभावकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं अन्य छात्र भी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने जस्सी किन्नर को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** धर्म परिवर्तन कराकर हिन्दू से मुस्लिम बनाने वाली तीन नाबालिग किशोरियों के मामले में पुलिस ने जस्सी किन्नर को गिरफ्तार किया है। अशोकनगर एसपी द्वारा गठित की गई एसआइटी टीम द्वारा की जा रही जांच के बाद पुलिस भोपाल से जस्सी किन्नर को गिरफ्तार कर अशोकनगर ले आई है।

## बिजनेस साइट

# सही थीम चुनना जितना आसान दिखता है, उससे कहीं ज्यादा मुश्किल क्यों है?



**विशेष कुमार मिश्रा**
एस एंड एम फाइनेंशियल सर्विसेज, ग्वालियर

**ग्वालियर।** हर मार्केट साइकिल एक नई पसंदीदा थीम लेकर आती है। कभी बैंक, तो कभी टेक्नोलॉजी, फिर फार्मास्यूटिकल्स, और फिर ऑटो सेक्टर। चुनौती यह है कि जब तक कोई थीम साफ तौर पर उभरकर सामने आती है, तब तक उससे होने वाला ज्यादातर आसान मुनाफा पहले ही कमा लिया गया होता है।

इतिहास गवाह है कि मार्केट की लीडरशिप कितनी तेजी से बदलती है। 2014 और 2017 में बैंकिंग स्टॉक्स सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों में से थे। 2020 में फार्मा सेक्टर ने बढ़त बनाई, क्योंकि हेल्थकेयर निवेशकों के ध्यान का केंद्र बन गया था। 2021 में टेक्नोलॉजी सेक्टर में जबरदस्त उछाल आया। 2023 और फिर 2025 में ऑटो स्टॉक्स मार्केट की पसंदीदा थीम बन गए। फिर भी, जो निवेशक सिर्फ पिछले साल के विजेताओं के पीछे भागे, उन्हें अक्सर यह एहसास हुआ कि उन्होंने बहुत देर से एंट्री की है।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि थीमैटिक इन्वेस्टिंग का मतलब सिर्फ एक शानदार ग्रोथ स्टोरी की पहचान करना नहीं है। इसके लिए यह समझना भी जरूरी है कि वह कहानी इंटरेस्ट रेट्स, आर्थिक विकास, सरकारी नीतियों, उपभोक्ता मांग और वैल्यूएशन के साथ कैसे तालमेल बिठाती है। इंटरेस्ट रेट्स में गिरावट से बैंकों और हाउसिंग सेक्टर को फायदा हो सकता है। कमजोर रुपया एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड सेक्टर्स को सहारा दे सकता है। सरकारी खर्च में बढ़ोतरी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए फायदेमंद हो सकती है। लेकिन ये रिश्ते शायद ही कभी सीधे-सीधे होते हैं, और बहुत तेजी से बदल सकते हैं।

ज्यादातर निवेशकों के पास इन बदलावों पर लगातार नजर रखने के लिए न तो समय होता है और न ही संसाधन। नतीजतन, वे अक्सर सुर्खियों, हाल के रिटर्नस या आम राय पर निर्भर रहते हैं। इससे एक खतरनाक सिलसिला शुरू हो सकता है, जिसमें वे तेजी आने के बाद खरीदते हैं और गिरावट आने पर बेच देते हैं।

थीमैटिक इन्वेस्टिंग का एक ज्यादा अनुशासित तरीका यह है कि किसी एक सेक्टर या आइडिया पर पूरी तरह निर्भर न रहा जाए। इसके बजाय, एक ऐसा पोर्टफोलियो इस्तेमाल करना ज्यादा समझदारी भरा हो सकता है, जो बाजार के हालात बदलने के साथ-साथ अलग-अलग थीम्स और सेक्टर्स में अपनी जगह बदलता रहे। इस तरह का नजरिया उभरते हुए मौकों का फायदा उठाने में मदद कर सकता है, और साथ ही, कल के पसंदीदा मार्केट सेक्टर्स में फंसने का जोखिम भी कम कर सकता है।

निवेशकों के लिए, ऐसा ही एक विकल्प आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एग्रेसिव हाइब्रिड एक्टिव एफओएफ (जिसे पहले थीमैटिक एडवांटेज एफओएफ कहा जाता था) है। 1 अप्रैल, 2026 से, यह फंड 65-80 फीसदी इक्विटी (मिड और स्मॉल कैप में सेक्टोरल, थीमैटिक और मार्केट-कैप के अवसर) और डेट में 20-35 फीसदी निवेश करेगा। ये फंड फरवरी 2025 में एएमएफआई के माध्यम से पेश किए गए एफओएफ के लिए सेबी के नए फ्रेमवर्क के अनुरूप है। इस नए नियम के तहत, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट्स में विकास के मौकों पर खास तौर पर ध्यान दिया जाएगा, वहीं, डेट कंपोनेंट को मजबूत करने का मकसद मार्केट की उठा-पटक के दौरान एक स्थिर सहारा देना है। दिसंबर 2003 में लॉन्च किए गए इस फंड ने वेल्थ क्रिएशन के मामले में लॉन्ग-टर्म में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया है। 31 मार्च, 2026 तक, फंड ने 3-वर्षीय सीएजीआर 15.11 फीसदी, 5-वर्षीय सीएजीआर 14.91 फीसदी और 10-वर्षीय सीएजीआर 14.47 फीसदी दर्ज किया है।